तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार 16 फरवरी 2026

10 सरकार किसानों के हितों के लिए कर रही ....



10 मानव निर्माण की मुख्य कड़ी शिक्षा : महंत शुक्राईनाथ



## शहर के पशु प्रेमियों ने डिप्टी स्पीकर को सौंपा ज्ञापन, अधिकारियों के कारण सरकार की छवि हो रही धूमिल

# बंदर पकड़ने में लाखों के घोटाले की जांच जारी, नप ने फिर उसी फर्म को दिया ठेका

## कितने कुत्तों की नसबंदी नहीं हुई, कहां छोड़ा इसका कोई रिकार्ड नही, सर्जरी किए ज्यादातर कुत्ते मृत पाए

**मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग उठाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर की सामाजिक संस्थाओं व पशु प्रेमियों ने नगर परिषद जींद द्वारा कुत्तों को पकड़ कर नसबंदी करने में हुए लाखों के घोटालों को लेकर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा को ज्ञापन सौंपा। डिप्टी स्पीकर ने पशु प्रेमियों को आश्वासन दिया कि मामला उनके संज्ञान में आया है और इस मामले की जांच करवाई जाएगी।

गो सेवा दल के राष्ट्रीय संयोजक अतुल चौहान ने बताया कि उनकी संस्था दुर्घटना में घायल हुए गायों, कुत्तों, नील गाय आदि का निस्वार्थ भाव से इलाज करती है। पिछले दिनों सूचना मिली थी कि जींद में कुत्तों की नसबंदी (स्टेरलाइजेशन) प्रक्रिया में बड़ा घोटाला हुआ है। जिस संस्था को इसका ठेका दिया हुआ है, उसने नगर परिषद के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मिलकर सरकार को लाखों रुपयों का चूना लगाने का काम किया है। जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है। कुत्तों को पकड़ने का रिकार्ड सिर्फ कागजों में मौजूद है लेकिन वास्तविक रूप से इतने कुत्तों की नसबंदी नहीं हुई है तथा नसबंदी के बाद उन्हें कहां छोड़ा गया और कितने कुत्ते छोड़े गए, इसका कोई रिकार्ड नही है तथा सर्जरी किए गए ज्यादातर कुत्ते मृत पाए गए हैं। जोकि सीधे कुएं में फैंक दिया जाता है। इसी प्रकार पिछले साल बंदरों को पकड़ने का ठेका भी नगर परिषद ने ठेकेदारों को दिया था, उसमें भी उनके द्वारा लाखों का घोटाला हुआ था। अतुल चौहान ने मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की है। अभी तक नगर परिषद जींद द्वारा कितने कुत्तों को पकड़ा गया तथा कितनों की नसबंदी कराई गई। उसकी सारी फोटोग्राफी व वीडियो सहित जांच हो। उन्होंने आरोप लगाया कि जब इसी संस्था द्वारा बंदरों को पकड़ने में लाखों का घोटाला हुआ था तो किस अधिकारी और कर्मचारी की मिलीभगत से दोबारा इनको कुत्तों की नसबंदी का ठेका मिला व इस घोटाले में कौन-कौन से अधिकारी व लोग शामिल हैं, उनकी उच्च स्तरीय जांच हो। नसबंदी करवाए गए कुत्तों को कहां छोड़ा गया तथा उनकी कितने दिन तक देखभाल की गई व उनको क्या-क्या खाने को दिया गया। इन सभी बिंदुओं पर जांच की जाए।



जींद। बंद किए गए कुत्ते। फोटो :हरिभूमि



जींद। डिप्टी स्पीकर को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते अतुल चौहान।

**ये रहे मौजूद**

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि जीव व जंतुओं के साथ इस तरह का दुव्यवहार किया जा रहा है। जो संस्था पहले भी नगर परिषद जींद में बंदर पकडने में लाखों का घोटाला किया था और उसकी जांच भी चल रही है, फिर भी दोबारा उसी संस्था को ठेका देना अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत को दर्शाता है। इनकी जल्द ही इसकी जांच की जाएगी तथा इसमें सम्मिलित लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही करवाई जाएगी। इस मौके पर अनिल गौतम, सुरेंद्र, मुन्ना नायक, सोमबीर, अर्जुन, मनोज, प्रवेश, अमन, रोहित सहित अनेक पशु प्रेमी मौजूद रहे।

**प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृत कुत्तों को बिना किसी प्रक्रिया या रिकार्ड के सीधे कुएं में फेंका**

**यह है मामला**

जींद शहर के हड़वारा क्षेत्र में कुत्तों की नसबंदी (स्टेरलाइजेशन) प्रक्रिया को लेकर पशु प्रेमियों ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। प्रत्यक्षदर्शी पशु प्रेमी अजय, दक्ष, सार्थक, राजदीप, अनुज, यश और विक्रम के अनुसार कुत्तों को पकडने का रिकॉर्ड तो मौजूद है लेकिन नसबंदी के बाद उन्हें कहां छोड़ा गया और कितने कुत्ते छोड़े गए, इसके बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नही है। कुत्तों को यहां केवल आने का हिसाब है जाने का नही। उन्होंने आरोप लगाया कि दिन में सर्जरी किए गए कई कुत्तों की बाद में उचित देखभाल नहीं की जाती है। जिससे बहुत अधिक संख्या में कुत्तों की मौत भी हो जाती है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृत कुत्तों को बिना किसी प्रक्रिया या रिकार्ड के सीधे कुएं में फेंक दिया जाता है। पशु प्रेमियों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, रिकॉर्ड प्रणाली को पारदर्शी बनाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## मंत्री विज को नहीं हैं भरी सभा में आईपीएस महिला अधिकारी को प्रताड़ित करने का अधिकार : गुरदीप

■ युवा क्रांतिकारी संगठन ने मंत्री के बयान के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल युवा क्रांतिकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गुरदीप ढांडा के नेतृत्व में आयोजित प्रेसवार्ता में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज द्वारा एक महिला आईपीएस अधिकारी (कैथल एसपी) के प्रति कथित आपत्तिजनक टिप्पणी और दूसरे जिले के पुलिस कर्मचारी को सस्पेंड करने के दबाव को लेकर कड़ा विरोध जताया गया। संगठन ने इसे अनुचित और असंवैधानिक बताते हुए तीखी निंदा की। प्रदेश अध्यक्ष गुरदीप ढांडा ने कहा कि भरी सभा में किसी पुलिस अधिकारी (एसपी) को धमकाना या सस्पेंड करने की बात करना सीधे-सीधे प्रशासनिक व्यवस्था को कमजोर करना है। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस अधिकारी एसपी को धमकाया जाएगा तो इसका अर्थ है कि अपराधियों को हौसला दिया जा रहा है। यह किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। ढांडा ने कहा कि मंत्री को सार्वजनिक मंच से ऐसे बयान देने से बचना चाहिए। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि क्या मंत्री के पास दीनबंधु सर छोटू राम की तरह तुरंत कानून बनाने की शक्ति है ? उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था संविधान के दायरे में चलती है, न कि व्यक्तिगत बयानबाजी से। उन्होंने यह भी कहा कि मंत्री को चार दिन दिल्ली के मुखर्जी नगर में जाकर आईएएस और आईपीएस कोचिंग संस्थानों की क्लास लगानी चाहिए, ताकि उन्हें समझ आए कि अधिकारी बनने में कितनी मेहनत और संघर्ष लगता है। गुरदीप ढांडा ने महिला पुलिस अधिकारियों और रिटायर्ड पुलिस कर्मचारी एसोसिएशन से भी इस मुद्दे पर आवाज उठाने का आह्वान किया।

### किसान कैंटीन के पास मिला व्यक्ति का शव

**कैथल।** तितरम मोड़ स्थित किसान कैंटीन के पास रविवार सुबह एक 47 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। राहगीरों ने शव को देखकर तुरंत तितरम थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। मृतक की पहचान गांव किठाना निवासी राजमल (47) के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार कुछ समय से बीमार चल रहा था और मानसिक रूप से भी परेशान था। तितरम थाना प्रभारी रामबीर ने बताया कि सुबह सूचना मिली थी कि कैंटीन के पास व्यक्ति का शव पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शुरूआती जांच में सामने आया कि मृतक रात के समय वहां आया था।

## शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग

■ फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने कड़ी मशक्त के बाद आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के शादीपुर गांव में बिजली की वायरिंग में शॉट सर्किट से आग लग गई। आग लगने की सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। सूचना पाकर फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक घर में रखे लाखों रुपये के बिजली के उपकरण जलकर राख हो चुके थे। रविवार को शादीपुर गांव निवासी रेनू ने बताया कि वह और उसकी बेटी आंगन में बैठी हुई थी। अचानक जोरदार आवाज आई और घर धुएं से भर गया। आसपास के लोगों ने फायर बिग्रेड को सूचना दी। सूचना पाकर फायर बिग्रेड के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। लगातार आग बुझाने का प्रयास किया जाता रहा। स्थानीय लोगों तथा फायर बिग्रेड कर्मियों द्वारा जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक घर में रखे फ्रिज, एसी, एलईडी, पंखे और पूरे मकान की वायरिंग जलकर राख हो चुकी थी। आग लगने से उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।






जींद। नागरिक अस्पताल में बनाई जा रही पार्किंग।

### पार्किंग सुधारने को बनी तीन सदस्यीय कमेटी

**जींद।** जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की पार्किंग निर्माण में सामने आई तकनीकी खामियों को लेकर स्वास्थ्य प्रशासन ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। विभाग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सुधारात्मक कार्रवाई के लिए कहा है ताकि भविष्य में पार्किंग को लेकर किसी तरह की परेशानी न हो। गौरतलब है कि नागरिक अस्पताल में 14.91 करोड़ की लागत से पिछले चार माह से जीर्णोद्धार कार्य करवाया जा रहा है। इसी के तहत नई पार्किंग बनाई जा रही है ताकि अस्पताल में आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। ठेकेदार द्वारा पार्किंग का स्तर मुख्य सड़क से डेढ़ फीट नीचा बना दिया। इसके अलावा सतह ऊंची.नीची होने से बरसात के मौसम में जलभराव की आशंका बढ़ गई है। यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ तो मरीजों और उनके परिजनों के वाहनों को खड़ा करना मुश्किल हो सकता है। अस्पताल में प्रतिदिन 1500 से अधिक मरीज ओपीडी में उपचार के लिए पहुंचते हैं।

## जींद-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन का होगा लाखनमाजरा स्टेशन पर ठहराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग की 54031-24 जींद-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन का ठहराव लाखनमाजरा रेलवे स्टेशन पर भी होगा। अब ट्रेन के लाखनमाजरा स्टेशन पर रुकने से यात्रियों को राहत मिलेगी। इसे लेकर लाखनमाजरा के आसपास के गांवों के यात्री लगातार मांग उठा रहे थे कि यहां पैसेंजर ट्रेन का ठहराव दिया जाए ताकि उन्हें सीधे दिल्ली और जींद आने-जाने की सुविधा मिल सके। 54031-24 पैसेंजर ट्रेनों का लाखनमाजरा स्टेशन पर ठहराव जल्द होगा। हालांकि रेलवे ने अभी तक तारीख निर्धारित नहीं की है। 54024 जींद-दिल्ली पैसेंजर जींद जंक्शन से 18:55 बजे रवाना होती है जो कि बिशनपुरा, किनाना, जैजैवंती, जुलाना, किलाजफरगढ़, खरैंटी, समरगोपालपुर, रोहतक, अस्थल बोहर, खरावड़, इस्माइला हरियाणा, सांपला, रोहद नगर, असौदा, घेवरा, मुंडका, नांगलोई, मंगोलपुरी, विवेकापुरी हाल्टख दिल्ली किशनगंज होते हुए दिल्ली जाएगी। वहीं 54031 दिल्ली-जींद पैसेंजर सुबह 11:40 मिनट पर दिल्ली से रवाना होती है। फिलहाल लाखनमाजरा के गांवों के लोगों को ट्रेन पकडऩे के लिए जींद या रोहतक जाना पड़ता था।

**यात्रियों को मिलेगा लाभ**

रेलवे जंक्शन अधीक्षक जेएस कुंडू ने बताया कि फिलहाल लाखनमाजरा स्टेशन पर 54031-24 जींद-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन के ठहराव को लेकर कोई नोटिफिकेशन नहीं मिला है। नोटिफिकेशन मिलते ही समयसारिणी अनुसार ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। जींद-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन का ठहराव लाखनमाजरा रेलवे स्टेशन पर होने से यात्रियों को लाभ मिलेगा।



महावीर अपने बेटे की शादी में 55 लाख की दहेज की नकदी वापस लौटाते हुए।

**एक रुपये की सगाई स्वीकार कर दिया बड़ा संदेश**

**कैथल।** कैथल जिले के गांव नरड़ से एक ऐसी प्रेरणादायक खबर सामने आई है, जिसने दहेज प्रथा के खिलाफ समाज को एक मजबूत और सकारात्मक संदेश दिया है। किसान नेता महाबीर चहल ने अपने बेटे दीपक की शादी में लड़की पक्ष द्वारा दिए जा रहे 55 लाख रुपये नकद दहेज को सम्मानपूर्वक लौटाकर एक अनूठी मिसाल कायम की। 14 फरवरी को दीपक का विवाह करनाल जिले के गांव रंगरूटी खेड़ा की खुशी के साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ। शादी का भव्य रिसेप्शन असंध शहर के एक निजी पैलेस में आयोजित किया गया, जहां दोनों परिवारों के रिश्तेदारों, मित्रों और समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान उस समय भावुक माहौल बन गया जब लड़की पक्ष की ओर से 55 लाख रुपये दहेज स्वरूप देने की पेशकश की गई। मौके पर ही महाबीर चहल ने बड़े ही सम्मान और दृढ़ता के साथ कहा, "आपने अपनी बेटी हमें सौंप दी, इससे बड़ा कोई उपहार नहीं हो सकता। हमें दहेज के रूप में कुछ भी स्वीकार नहीं है।" उन्होंने न केवल नकद राशि लौटाई, बल्कि दहेज में दिए गए सोने के गहने भी वापस कर दिए।

## परीक्षाओं को नकल रहित करवाने को लेकर शिक्षा विभाग ने कसी कमर

# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड: 9वीं-11वीं की परीक्षाएं आज से

■ परीक्षा कक्षों में बैठने की व्यवस्था, पेयजल, बिजली और साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की नॉन बोर्ड कक्षा 9वीं व 11वीं की वार्षिक परीक्षाएं सोमवार से शुरू होंगी। परीक्षाओं को पूरी तरह से नकल रहित व पारदर्शी करवाने को लेकर शिक्षा विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से जिले के सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में परीक्षा संचालन को लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। शिक्षा विभाग की ओर से स्कूल मुखियाओं को परीक्षा केंद्रों पर अनुशासन, पारदर्शिता और सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, परीक्षा कक्षों में बैठने की व्यवस्था, पेयजल, बिजली और साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए कहा गया है। बता दें कि इस बार जिले में 9वीं और 11वीं कक्षा के करीब 30000 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षाएं सुबह 8:30 बजे शुरू होंगी। यह परीक्षाएं आज से शुरू होकर अगले माह 6 मार्च तक जारी रहेंगी। स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिए गए हैं कि विद्यार्थी समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचें और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। परीक्षा केंद्र पर अधीक्षकों को उत्तर पुस्तिकाओं व प्रश्नपत्रों के सुरक्षित रख-रखाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विभागीय अधिकारियों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण भी किया जाएगा।

**करीब 30 हजार विद्यार्थी लेंगे हिस्सा**



जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष कुमार ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की नॉन बोर्ड कक्षा 9वीं व 11वीं की वार्षिक परीक्षाएं सोमवार से शुरू होंगी। परीक्षाओं को लेकर व्यवस्थाएं बनाने के लिए विभाग ने सभी स्कूल मुखिया को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस परीक्षा में दोनों कक्षाओं के करीब 30 हजार विद्यार्थी हिस्सा लेंगे।

| तिथि | कक्षा | विषय का नाम |
|---|---|---|
| 16 फरवरी | 11वीं | अंग्रेजी कोर,अंग्रेजी ऐच्छिक |
| 17 फरवरी | 9वीं | हिंदी |
| 17 फरवरी | 11वीं | ललित कला |
| 18 फरवरी | 11वीं | हिंदी कोर, हिंदी ऐच्छिक |
| 18 फरवरी | 11वीं | अंग्रेजी विशेष |
| 19 फरवरी | 9वीं | सामाजिक विज्ञान |
| 19 फरवरी | 11वीं | गृह व कृषि,मनोविज्ञान |
| 21 फरवरी | 11वीं | अंग्रेजी |
| 21 फरवरी | 11वीं | भूगोल |
| 23 फरवरी | 9वीं | गणित |
| 23 फरवरी | 11वीं | अर्थशास्त्र, शारीरिक शिक्षा |
| 25 फरवरी | 9वीं | विज्ञान |
| 25 फरवरी | 11वीं | रसायन विज्ञान |
| 26 फरवरी | 11वीं | पंजाबी, संस्कृत, उर्दू |
| 27 फरवरी | 9वीं | ड्राइंग, कृषि, गृह विज्ञान |
| 27 फरवरी | 11वीं | इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, जीव विज्ञान |
| 28 फरवरी | 11वीं | राजनीति विज्ञान |
| 02 मार्च | 9वीं | पंजाबी, संस्कृत, उर्दू |
| 02 मार्च | 11वीं | गणित |
| 05 मार्च | 11वीं | संस्कृत साहित्य (आर्ष), संस्कृत साहित्य (परंपरागत |
| 06 मार्च | 9वीं | संस्कृत साहित्य (आर्ष), संस्कृत साहित्य (परंपरागत |
| 06 मार्च | 11वीं | समाजशास्त्र, उद्यमिता |

### आरोपी महिला से 9.20 ग्राम हेरोइन बरामद

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल ने एक महिला को 9.20 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल के एएसआई रोहताश की टीम को गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली कि महिला सेक्टर-20 हुडा के कट के पास हेरोइन बेचने के लिए खड़ी है। सूचना को गंभीरता से लेते टीम ने तुरंत रेडिंग पार्टी गठित कर मौके पर दबिश दी। मौके पर संदिग्ध महिला को काबू किया, जिसकी पहचान रणजीत कौर निवासी खरका हाल निवासी कांगथली के रूप में हुई। पुलिस सूचना उपरांत मौके पर पहुंचे डीएसपी बीर भान की मौजूदगी में महिला पुलिस कर्मी द्वारा तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान महिला के कब्जे से काले रंग की पॉलिथीन में रखा 9.20 ग्राम हेरोइन बरामद हुआ।

## खबर संक्षेप

### 21 व 22 को रामकली में सर्कल कबड्डी महाकुंभ

**जुलाना।** गांव रामकली में सर्कल कबड्डी महाकुंभ का आयोजन 21 व 22 फरवरी को गांव के स्टेडियम में किया जाएगा। जिसके लिए गांव के सरपंच रामतीर्थ ने आयोजन कमेटी पंचायत सदस्यों की बैठक लेकर तयारियों के लिए ड्यूटियां लगाई हैं। रामतीर्थ में कहा कि 22 को प्रदेश के पंचायत मंत्री कृष्ण पंवार मुख्यतिथि के तौर पर पहुंच कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करेंगे।

### उचाना कलां-शहर की पानी की सप्लाई आज रहेगी बंद

**उचाना।** उचाना कलां के भौंगरा रोड पर स्थित जलघर पर वॉल रिपेयर का कार्य चल रहा है। 16 को उचाना कलां एवं शहर की पानी की सप्लाई बंद रहेगी। जन स्वास्थ्य विभाग एसडीओ सुनीता देवी ने बताया कि रिपेयर का कार्य चलने के लिए पानी की सप्लाई बंद रहेगी।

### मालवी से अधेड़ व्यक्ति लापता, मामला दर्ज

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के मालवी गांव से एक अधेड़ व्यक्ति लापता हो गया। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। मालवी गांव निवासी रामू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 को उसका 52 वर्षीय पिता कृष्ण घर से अचानक लापता हो गया। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नही लगा।

### तूड़ी के कूप में आग लगाने का आरोप

**कैथल।** थाना कलायत पुलिस ने तूड़ी के कूप में आग लगाने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव सजूमा के सूबे सिंह ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 फरवरी को रात के समय गांव के ही ईश्वर नामक व्यक्ति ने उसके तथा उसके भाई रमेश कुमार के तूड़ी के रूप में आग लगा दी। जिस कारण हजारों का नुकसान उठाना पड़ा। जांच अधिकारी एएसआई विनोद ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कहसून में बाड़े से दो भैंस-एक कटड़ा चोरी

**जींद।** कहसून में बीती रात चोरों ने बाड़े का ताला तोड़ कर दो भैंस एक कटड़े को चोरी कर लिया। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कहसून निवासी हरिचंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मकान के निकट बाड़ा बनाया है। बीती रात चोरों ने बाड़े का ताला तोड़ कर दो भैंस- कटड़े को चोरी कर लिया।

### घर में घुसकर मारपीट छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**कैथल।** थाना कलायत पुलिस ने घर में घुसकर छेड़छाड़ करने और मारपीट करने के आरोप में एक मामला दर्ज किया है। गांव सजूमा की एक महिला ने कलायत थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 फरवरी को बिट्टू, उसकी पत्नी, मनदीप के दो रिश्तेदार तथा दो-तीन अन्य युवक उसके घर में घुस गए। आरोप है कि आरोपियों द्वारा उसे व उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ की गई।

### श्री गीता भवन मंदिर का वार्षिकोत्सव 26 फरवरी से

**नरवाना।** पंजाबी चौक स्थित श्री गीता भवन मन्दिर का वार्षिकोत्सव का आयोजन 26 फरवरी से एक मार्च तक मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए संतलाल सेतिया, प्रधान अशोक नागपाल ने बताया कि यह समारोह कथा व्यास श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर बालयोगिनी साध्वी श्री करुणागिरी महाराज के सानिध्य में मनाया जाएगा।

### गांव पाडला से युवती बगैर बताए लापता

**कैथल।** कैथल के गांव पाडला से एक युवती बिना बताए घर से चली गई। इस संबंध में गांव पाडला के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 12 फरवरी को दोपहर करीब 11:00 बजे उसकी 30 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से चली गई।

**खबर संक्षेप**

### रक्तदान शिविर का आयोजन किया

जींद। पुलवामा आतंकी हमले के अमर शहीदों की याद में गांव बराह खुर्द में शहीद भगत सिंह युवा क्लब ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। गांव के युवाओं ने भारी उत्साह के साथ इस नेक कार्य में हिस्सा लिया। अध्यक्षता करते युवा प्रधान साहिल ने स्वयं युवाओं को प्रेरित किया और हौसला बढ़ाया। उनके कुशल नेतृत्व का ही परिणाम रहा कि देखते ही देखते 35 यूनिट से अधिक रक्त एकत्रित हो गया।

### जींदः मैढ सुनार सभा ने लगाया भंडारा

जींद। सैक्टर छह स्थित महाराज अजमीढ़ देव मन्दिर मे मैढ सुनार सभा द्वारा महाशिव रात्रि के पर्व पर हवन यक्ष कर देश व प्रदेश मे शान्ति एवं आपसी भाईचारे की एकता के लिए प्रार्थना की। खीर व पकौडे का प्रसाद वितरित किया। प्रधान सत्यनारायण सोनी ने बताया कि सभा द्वारा इस तरह के आयोजन कर जहा भाई चारे की एकता को बढावा देने का प्रयास किया जाता है वही पर लोगों में धर्म व दया की भावना भी प्रेरित की जाती है।

### रैली विकसित उचाना के सपने को करेगी संपन्न

उचाना। 18 फरवरी को हाइवे स्थित अतिरिक्ति अनाज मंडी में होने वाली उचाना विकास रैली को लेकर छात्तर मंडल अध्यक्ष संदीप चहल ने विभिन्न गांव के दौरे किए। यहां पर ग्रामीणों ने उनको रैली में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए आश्वासन दिया। चहल ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के विकसित उचाना के सपने को साकार करने में सीएम नायब सिंह सैनी की रैली मील का पत्थर साबित होगी।

### छात्रा समेत दो लड़कियां संदिग्ध हालात में लापता

जींद। जिले में छात्रा समेत दो लड़कियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण के मामले दर्ज किए हैं। गांव ढाकल निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत सात फरवरी को उसकी नाबालिग बहन घर से गायब हो गई।

### उचाना के बाजारों में आज देंगे रैली का निमंत्रण

उचाना। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने बताया कि 18 को होने वाली उचाना विकास रैली को लेकर उचाना अनाज मंडी, शहर के सभी बाजारों में दुकानों पर जाकर रैली के लिए निमंत्रण देंगे। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता साथ रहेंगे। शहर से व्यापारी बढ़चढ़ कर रैली में पहुंचेंगे। व्यापारियों के हितों के लिए भाजपा ने काम किए है। जितने काम व्यापारी हित में भाजपा ने किए है उतने किसी ने नहीं किए थे।

### दाड़न खाप प्रधान चुनने के लिए मीटिंग 21 को

उचाना। सर्व जातीय दाड़न खाप चबूतरा पालवां पर खाप प्रधान सूरजभान घसो की अगुवाई में मीटिंग हुई। मीटिंग में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रधान एवं कार्यकारिणी चुनने के लिए सर्वसम्मति से 21 फरवरी को मीटिंग बुलाई गई। सूरजभान घसो ने बताया कि खाप के गांवों से 21 को लोग पहुंचेंगे। इस दिन प्रधान एवं कार्यकारिणी को चुना जाएगा। रमेश नंबरदार, दलबीर खेड़ी मंसानिया, राजकुमार मौजूद रहे।

### अब दयालु टू योजना का उठा सकेंगे लाभ : डीसी

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सरकार ने राज्य के परिवारों की सामाजिक सुरक्षा को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना दयालू टू को लागू कर दिया है। इस योजना के अंतर्गत बेसहारा पशुओं द्वारा दुर्घटना में घायल, विकलांग होने पर या मृत्यु पर परिवार के सदस्यों को प्रदान की जाएगी।

### 11 बोतल शराब व 100 लीटर लाहन बरामद

जींद। नरवाना शहर थाना पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 11 बोतल शराब व 100 लीटर लाहन बरामद की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक आत्माराम ने बताया कि उनकी एक टीम अपोलो चौक नरवाना के पास गश्त पर थी।

---

### कैबिनेट मंत्री विकलांग गोशाला के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे

# सरकार किसानों के हितों के लिए कर रही निरंतर कार्य : कृष्ण बेदी

## गोशाला व वाल्मीकि चौपाल के लिए दी 11-11 लाख रुपये की धनराशि

**बांगर की जनता ने सदैव प्रदेश की राजनीति में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार गाय, गंगा तथा गीता में विश्वास रखने वालों की सरकार है और प्रदेश सरकार गौ सेवा व किसानों के हितों के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

कैबिनेट मंत्री रविवार को अलेवा गांव स्थित जय बाबा धुने वाले विकलांग गौशाला के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे। कार्यक्रम में उन्होंने गौशाला व अलेवा गांव की वाल्मीकि चौपाल के लिए 11-11 लाख रूपये की धन राशि देने की घोषणा की। इस मौके पर उनके साथ उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री तथा हरियाणा गौ सेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण गर्ग विशेष रूप से मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि पहले की सरकारों में गौशालाओं के लिए मात्र दो करोड़ रुपये का बजट होता था। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल की सरकार ने 400 करोड़ का बजट बढाने का कार्य किया तथा वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार ने इसे बढ़ा कर 575 करोड़ रुपये कर दिया है। कहा कि सरकार की योजनाओं के तहत गौशालाओं में गायों की नस्ल सुधार के लिए विशेष योजना के तहत कार्य किया जा रहा है। जिससे दुग्ध उत्पादन में वृद्धि और पशुपालकों की आय में बढ़ोतरी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने लोगों से भी आह्वान किया वे भी अपने घरों में गाय को पालने का कार्य करें। इससे गौ सेवा के साथ-साथ दुग्ध उत्पदान में भी वृद्धि होगी और आय का साधन भी बनेगा। कहा कि बांगर की धरती हरियाणा की शान है और यहां की जनता ने सदैव प्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान सरकार किसानों की फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कर रही है। इसके साथ ही बागवानी फसलों, फल एवं सब्जियों के लिए भी भावांतर भरपाई योजना लागू की गई है। जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। खरीदी गई फसलों का भुगतान भी समयबद्ध तरीके से सीधे किसानों के बैंक खातों में पहुंचाया जा रहा है। कहा कि आमजन की सुविधा के लिए ई रजिस्ट्री प्रणाली लागू की गई है। अब जमीन की खरीद-फरोख्त के मामलों में लोगों को बार-बार तहसील के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। इस व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ी है और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगा है।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

गौशालाओं के नाम भूमि खरीद पर रजिस्ट्री शुल्क समाप्त कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त गौशालाओं के लिए सीएलयू निशुल्क, प्रॉपर्टी टैक्स माफ तथा गौ वंश के लिए शेड निर्माण की व्यवस्था भी की जा रही है। गौशालाओं के लिए बिजली दर मात्र दो रुपये प्रति यूनिट तय की गई है। गौशालाओं में 90 प्रतिशत सब्सिडी पर सोलर ऊर्जा संयंत्र लगाए जा रहे हैं। प्रदेश की सभी पंजीकृत गौशालाओं को ई.रिक्शा उपलब्ध कराई जा रही हैं। समारोह में मास्टर सूरजभान अलेवा, खंड समिति चेयरमैन राहुल, सरपंच विनोद कुमार, भगवत दयाल, संदीप लोहान, आनंद शर्मा, भारत भूषण टांक तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, गौभक्त एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**भारतीय संस्कृति में गाय को माता का दर्जा**

कार्यक्रम में पंहुचे उचाना के विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री ने गौशाला की सभी मांगों पर विश्वास दिलाते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। सरकार द्वारा हर वर्ग के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। 18 फरवरी को उचाना की धरती पर मुख्यमंत्री नायब सिंह पंहुचेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्याद संख्या में इस रैली में पंहुचकर अपनी भागीदारी सुनिश्चि करवाएं।इस अवसर पर हरियाणा गौ सेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण गर्ग ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में गौसेवा को सशक्त बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार निरंतर प्रभावी कदम उठा रही है। प्रदेश की गौशालाओं में सोलर प्लांट स्थापित करने की योजना चलाई गई है ताकि गौशालाएं बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जिला जींद की सभी गौशालाओं के लिए 13 करोड़ रुपये की सहायता राशि देने का काम किया है। यह राशि फरवरी माह के अंत तक सभी गौशालाओं में पंहुचा दी जाएगी। इसके अलावा नौ करोड़ रूपये की धन राशि भी आगामी समय में गौशालाओं में पंहुचाई जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि सडकों पर कोई भी बेसहारा गौ वंश दिखाई नही देना चाहिए। सभी को गोशालाओं में रखा जाए। उन्होंने बताया कि गौवध या गौ मांस में संलिप्त पाए जाने पर दोषी को 10 वर्ष तक की सजा एवं एक लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

---



उचाना। प्रतियोगिकी परीक्षा का जायजा लेने पहुंचे महंत शुक्राईनाथ योगी।

# मानव निर्माण की मुख्य कड़ी शिक्षा : महंत शुक्राईनाथ योगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

घोघडिया गांव के बस स्टॉप के पास राजकीय स्कूल के मैदान में शिक्षा इनामी महादंगल का आयोजन हुआ। विलक्षण प्रतिभा खोज एचएसएसई, सीईटी पैटर्न पर परीक्षा प्रतियोगिता हुई। प्रदेश भर से हजारों की संख्या में प्रतिभागी परीक्षा देने के लिए पहुंचे। गांव के अंदर हर जगह भीड़ नजर आई। दो घंटे तक प्रतियोगिता चली। पुलिस द्वारा अलग-अलग जगहों पर बेरीगेटस लगाए गए। डीएसपी संजय कुमार भी परीक्षा स्थल का जायजा लेने पहुंचे। डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा, विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के अलावा प्रमुख लोग भी आयोजन का हिस्सा बने। लड़कों, लड़कियों की अलग-अलग जगहों पर परीक्षा देने के लिए बैठने को लेकर जगह निर्धारित की गई। स्कूल के दो गेटों से एंट्री हुई तो रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। शिक्षाविदों की ड्यूटी परीक्षा स्थल पर लगाई गई। प्रथम रहने वाले को 2 लाख 1 हजार, द्वितीय को 1 लाख 51 हजार, तृतीय को 1 लाख 1 हजार का पुरस्कार मिलेगा। चौथे स्थान को 71, पंचम को 51, छठे को 31, सातवें को 21, आठवें को 11 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। नौंवा स्थान प्राप्त करने वाले को 5100, दसवां स्थान पर आने वाले को 3100 एवं 11वां स्थान वाले को 2100 रुपए का पुरस्कार दिया जाएग। 12वें नंबर से 21 वें स्थान तक 1100-1100, 22वें स्थान से 51वें स्थान तक 500-500 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। काफी दिनों से परीक्षा की तैयारियां की जा रही है। गांव में टीम बना कर ड्यूटी लगाई गई ताकि किसी तरह की परेशानी आने वालों को न हो। पुलिस प्रशासन जगह-जगह पर मुस्तैद रहा। आयोजक महंत शुक्राईनाथ योगी ने कहा कि शरीर का एक भी अंग काम करना छोड़ जाए तो परेशानी हो जाती है। समाज के शैक्षणिक ढांचे के शिक्षक भी लीवर, किडनी है। उत्तरी, दक्षिण हरियाणा एवं दूसरे राज्यों में जाकर भी प्रचार किया ताकि अधिक से अधिक युवा पहुंचे। घोघडियां गांव ने कार्यक्रम का आयोजित, सुनिश्चित करने में सहयोग किया। घोघडिया गांव ही नहीं बल्कि हर गांव की पंचायत, जिला स्तर पर कार्यक्रम होते हुए देश, प्रदेशस्तर पर इस तरह की प्रतियोगिकी परीक्षा होनी चाहिए।

---

# चालक व परिचालक ने घायल वृद्धों को अस्पताल पहुंचा दिखाई मानवता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद-कैथल रोड फ्लाइओवर पर रोडवेज बस के पीछे बाइक जा भिड़ी। इस हादसे में बाइक सवार वृद्ध व वृद्धा घायल हो गए। एंबुलेंस न आने पर रोडवेज बस की सवारियों को उतार कर बस में ही घायल वृद्धों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। हालांकि हादसे में दोनों वृद्धों को मामूली चोटें आई हैं लेकिन रोडवेज बस चालक व परिचालक ने तत्परता दिखाते घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचा मानवता का धर्म निभाया। रोडवेज बस सफीदों से हिसार स्वारियों को लेकर जा रही थी। जैसे ही बस जींद-कैथल रोड फ्लाइओवर पर पहुंची तो बाइक बस के पीछे के हिस्से में जा लगी। इस हादसे में वृद्ध व वृद्धा घायल हो गए। रोडवेज कर्मी विजेंद्र सिंह ने बताया कि हादसे के बाद तुरंत प्रभाव से बस को रोका गया और एंबुलेंस को फोन किया लेकिन एंबुलेंस आने में देरी होते देख उन्होंने तुरंत प्रभाव से बस की सवारियों को दूसरी बस से रवाना कर घायल वृद्ध व वृद्धा को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लेकर आए। हालांकि हादसे में घायल बुजुर्ग महिला और वृद्ध को हल्की फुल्की चोट लगी हैं। बस परिचालक उदय सिंह ने बताया कि कैथल बाईपास पर हादसा हुआ है।

### उचाना में 18 को महाकुंभ जैसा नजारा होगाः सतीश

उचाना। भाजपा उचाना मंडलध्यक्ष सतीश जांगड़ा ने कहा कि 18 को उचाना में होने वाली सीएम नायब सिंह सैनी की उचाना विकास रैली में उमड़ी भीड़ के चलते महाकुंभ जैसा नजारा होगा। रैली को लेकर हर किसी के उत्साह है। ये उत्साह बताता है कि रैली ऐतिहासिक होगी। सीएम नायब सिंह सैनी को सुनने के लिए लोगों की भारी भीड़ आएगी। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में होने वाली रैली आज तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ेगी। रैली को लेकर हाइवे स्थिति अतिरिक्त मंडी के स्थल को चुना है जो उचाना क्षेत्र का सबसे बड़ा मैदान है। ये मैदान भी भीड़ के चलते छोटा नजर आएगा। हर गांव में रैली को लेकर उत्साह इस बात का प्रमाण है कि सीएम की जनहितैषी नीतियों, विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की कार्यप्रणाली से हलके की जनता खुश है। आज आम परिवार का युवा पढ़ाई करके बड़े पदों पर नौकरी लग रहे है।

---

# हरियाणा-पंजाब में सीएम नायब सैनी की बढ़ी लोकप्रियता, विपक्ष परेशान : कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा कि सीएम नायब सिंह की हरियाणा पंजाब में दिन प्रतिदिन लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। इससे हरियाणा में कांग्रेस, इनेलो, आप जजपा सभी पार्टियों के नेता परेशान व हताश नजर आ रहे हैं। कंडेला ने कहा है कि भाजपा के 11 वर्षों के कार्यकाल में जिला जींद में हरियाणा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के प्रयासों से जींद का चंहुमुखी विकास हुआ है। जिसमें जींद को चारों ओर हाइवे बना कर जोड़ना व हैबतपुर में धन्ना भगत के नाम से 19 मंजिला इमारत बना कर जींद में ऐतिहासिक कार्य किया है। कंडेला सीएचसी का निर्माण भी जल्द कर दिया जाएगा। इसका टेंडर भी लग चुका है। कंडेला ने कांग्रेस, इनेलो, जेपी पर निशाना साधते हुए कहा लंबे समय से इन्होंने जींद के नाम पर बड़ी-बड़ी रैलियां करके अपना निजी स्वार्थ सिद्ध किया है लेकिन जींद की तरफ कोई भी विकास कार्य नही किया है। अब लोग इनके बहकावे में नही आने वाले हैं। ये सभी परिवारवाद ओर भ्रष्टाचार की पार्टी है। इनके पास न कोई मुद्दा है, ना कोई कार्यक्रम है। झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करते हैं। कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी किसान, मजदूर गरीब आदमी के बीच में रह कर लोगों की हर समस्या का समाधान कर रहे हैं। जिससे प्रदेश के लोग मुख्यमंत्री से संतुष्ट नजर आ रहे हैं। 18 को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जींद के उचाना हल्के में पहुंच रहे हैं। जहां पर भारी भीड़ पहुंचने का अनुमान है। अनेक विकास कार्यों की घोषणा की जाएगी। प्रदेश की सरकार के प्रयासों से जींद जिले में विकास की गति बहुत तेज हो चुकी है। किसान नेता हजूरा सिंह कंडेला, ओमप्रकाश आदि मौजूद थे।



जींद। टेकराम कंडेला अपने साथियों के साथ।

---

**रैली में उमड़ी भीड़ तोड़ेगी सारे रिकॉर्ड : देवेंद्र**

उचाना। पीडब्लूडी विश्राम उचाना में पहुंचे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने रैली को लेकर जानकारी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से ली। रैली स्थल पर भी प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। यहां पर वाहनों की पार्किंग, हेलिकॉप्टर स्थल, लोगों के आने-जाने के लिए रास्ते सहित अन्य की तैयारियां की जा रही है।

पत्रकार वार्ता में विधायक ने कहा कि रैली को लेकर लोगों में उत्साह है उनको इंतजार है। उचाना विकास रैली ऐतिहासिक होगी। इस रैली का उचाना के इतिहास में नाम दर्ज होगा। सीएम नायब सिंह सैनी को सुनने के लिए हजारों की संख्या में लोग आएंगे। पहले की रैलियों में जो भीड़ आती थी उन सबके रिकॉर्ड तोडने का काम ये रैली करेंगी। रैली में इतनी संख्या होगी कि सभा स्थल कम पड़ जाएगा। राजनीति के बड़े मैदान को उचाना की जनता ने फतेह करवाने का काम चुनाव में किया था। उचाना का जो सबसे बड़ा मैदान है वो भीड़ के चलते छोटा पड़ जाएगा। सैकड़ों करोड़ की सौगात सीएम उचाना को देकर जाएंगे। विकसित उचाना का जो सपना हम देख रहे है वो पूरा होगा।



उचाना। पत्रकारों से बातचीत करते देवेंद्र चतरभुज अत्री।



जींद। सरपंचों के साथ बैठक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**ठीकरी पहरे लगाने का निर्णय**

जींद। नरवाना इलाके में कानून व्यवस्था को मजबुत बनाने तथा अपराधों की रोकथाम को लेकर रविवार को थाना सदर दनौदा पुलिस चौकी में सदर थाना प्रभारी रामकुमार ने सरपंचो की बैठक ली। जिसमें उप निरीक्षक राजेश कुमार, गांव दनौदा की सरपंच किताबो देवी, गांव दनौदा खुर्द के सरपंच जितेंद्र सिंह, गांव जाजनवाला के सरपंच जनक गांव कलोदा खुर्द के सरपंच कुलदीप सिंह ,गांव सैंथली के सरपंच जयप्रकाश, गांव भिखेवाला के सरपंच मोनू, गांव सच्चाखेड़ा के सरपंच सुखदेव सिंह मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधों की रोकथाम के लिए सामुदायिक सहयोग का मजबूत होना बहुत जरूरी है। चोरी की घटनाएं हो रही हैं व अन्य अपराध हो रहे हैं। ऐसी घटनाओ पर रोक लगाने के लिए गांवों में अधिक से अधिक सीसी टीवी कैमरे लगवाए जाने चाहिए। गांव स्तर पर रात्रि सुरक्षा के लिए ठिकरी पहरा लगाने के लिए कहा गया। उन्होंने रात्रि गश्त नियमित रूप से लगाने के लिए भी प्रेरित किया ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सके।

**राज्यसभा सांसद को दिया सम्मेलन का निमंत्रण**

जुलाना। प्रजापति (कुम्हार) समाज का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा से मिला और उन्हें 22 फरवरी को जुलाना में आयोजित होने वाले कुम्हार समाज के सम्मेलन का निमंत्रण दिया। प्रतिनिधिमंडल ने समाज से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को विस्तार से रखते समाधान की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे महेंद्र प्रजापति ने बताया कि पारंपरिक रूप से मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हारों का व्यवसाय पिछले कुछ वर्षों में गंभीर संकट से गुजर रहा है। सबसे बड़ी समस्या उपयुक्त मिट्टी की उपलब्धता न होना है। मिट्टी नही मिलने के कारण अनेक परिवारों का रोजगार प्रभावित है और उनका काम चौपट होने की कगार पर पहुंच है। सांसद को बताया कि समाज की मांग है कि कुम्हारों के लिए मिट्टी निकालने हेतु निर्धारित स्थान चिन्हित किए जाएं और वहां से मिट्टी लेने की वैधानिक अनुमति दी जाए ताकि वे अपने पारंपरिक व्यवसाय को सुचारु रूप से चला सकें। इसके अतिरिक्त जिन कुम्हार परिवारों को सरकार की ओर से मालिकाना प्रमाण पत्र दिए गए हैं। उन्हें वास्तविक रूप से मालिकाना हक दिलाते संबंधित जमीन पर कब्जा भी दिलाया जाए।



जुलाना। राज्यसभा सांसद से मिलते कुम्हार समाज के लोग।





जींद। सम्मेलन के समापन पर मौजूद प्रतिनिधि। फोटो :हरिभूमि

**सोहन दास जिलाध्यक्ष व प्रमोद सचिव मनोनित**

जींद। हरियाणा ज्ञान-विज्ञान समिति का 11वां जिला सम्मेलन वैज्ञानिक मानसिकता के प्रसार एवं सामाजिक न्याय के पक्ष में वातावरण बनाने के लिए भारी उत्साह के साथ संपन्न हुआ। जिसमें आगामी तीन वर्षों के लिए 27 सदस्यीय नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। सम्मेलन में सर्वसम्मति से सोहन दास को पुनः जिलाध्यक्ष, मा. प्रमोद कुमार को सचिव और अनिल कुमार को कोषाध्यक्ष तथा प्रदीप शर्मा एवं जगवंती को उपाध्यक्ष, रामफल दहिया एवं मा. विजेंद्र को सहसचिव तथा जयप्रकाश लूदाना और सुरेश कुमार को सचिव मंडल सदस्य चुना गया। इनके साथ ही आजाद पांचाल, रमेश चंद, शमशेर, बालकिशन, मनीष, राजबाला, चमन, विक्रम अली, मा. राजेंद्र सिंह, कर्मपाल शास्त्री, गुलाब सिंह, माया देवी, धर्मबीर, डा. रामचन्द्र दनौदा, अजमेर, सत्यनारायण को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। इससे पूर्व जिला सचिव मा. प्रमोद कुमार ने कार्यकारिणी द्वारा गत तीन वर्षों में किए कार्यों, हस्तक्षेप एवं गतिविधियों की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जिसमें भविष्य में वैज्ञानिक चेतना का प्रसार करते हुए आत्मनिर्भर व मजबूत संगठन का विस्तार करने, 30 गांवों में इकाइयों एवं

---

### जनवादी लेखक संघ के 45वें स्थापना दिवस पर कवि सम्मेलन का आयोजन

# भगत सिंह तेरे आज मुल्क नै बांटण आले रह गे......

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्थानीय बैरागी धर्मशाला में जनवादी लेखक संघ जींद जिला कमेटी द्वारा आयोजित 45वां स्थापना दिवस कवि सम्मेलन के साथ संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता राममेहर खर्ब कमेरा ने की और संचालन जिला सचिव मंगतराम शास्त्री ने किया। अध्यक्ष राममेहर खर्ब ने कहा कि जनवादी लेखक संघ भारत का गठन 13-14 फरवरी 1982 को साउथ इंडियन कल्ब दिल्ली में हुआ था। जिसके घोषणा पत्र में उल्लिखित उद्देश्यों जैसे कि जनपक्षधरता के लिए, न्याय के लिए, समानता, स्वतंत्रता, बंधुता और मूलगामी समाज सुधार आंदोलन के लिए लिखने का हम तमाम रचनाकारों से आह्वान करते हैं। जिला सचिव ने कहा कि इस मौके पर हम तमाम लेखक, कलाकार और रचनाकार साम्राज्यवादी विचारधारा के खिलाफ, पूंजीवादी प्रवृत्तियों के खिलाफ सत्ता द्वारा पोषित सांप्रदायिकता एवं धर्मांधता तथा जातिवादी उत्पीड़ने व मानवीय गरीमा को ध्वस्त करने वाले स्थापित विचारों के खिलाफ काम करने के संकल्प को दोहराते हैं। कवि सम्मेलन में कविता पाठ करते हुए जिलाध्यक्ष राममेहर सिंह ने कहा कि समय-समय की बात है, समय-समय का योग। लाखों में बिकने लगे दो कौड़ी के लोग। फूलों को मसला गया, कलियां करी हलाल। माली तूं क्यूं चुप खड़ा, उपवन करे सवाल। मंगतराम शास्त्री ने हरियाणवी गजल पढ़ी। जिसमें अम्बरां की सैर का वादा वो कर कै, पर परिंदै के कुतर लाचार कर ग्या। आरती बिल्ली की भी तारण लगे इब, इस तरां के वो कबुत्तर त्यार कर ग्या। विक्रम राही ने शहीद भगत सिंह को याद करते हुए कहा कि भगत सिंह तेरे आज मुल्क नै बांटण आले रह गे, जात धर्म के नाम पै न्यारे छांटण आले रह गे। आजाद सिंह जुलानी ने चलो हम देश की खातिर खुद ही को आजमाते हैं, वतन पर मिटने वालों की शर्त क्या हम निभाते हैं। सुनील सैनी सीना ने देशभक्ति गीत में कुछ यूं कहा कि अपने देश के वीरां का के जिक्र सुनाऊं मैं। हस कै वारे प्राण रै उनको शीश झुकाऊं मैं। गुलाब सिंह ने ऐसा दौर चला विध्वंसक मौन हो गई सबकी वाणी, भूखे प्यासे बच्चे बिलखें, सूख गया आंखों का पाणी। कर्मजीत ढुल ने जो मेहनत तै मिलै वा कामयाबी न्यारी होया करै, जो खोले मंजिल का ताला वो चाबी म्हारी होया करै।





जींद। सम्मेलन में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

अंकित ने गाय अगर यह जानती कि उसके नाम पर, इस देश में क्या क्या हो रहा है, तो वो खुद ही राष्ट्रीय हड़ताल का ऐलान कर देती। अनिल कुण्डू ने धक-धक करती धरती गूंजे आसमा। हल और बंदूक एक पहचान। खेत से सीमा तक एक ही शान, जय जवान, जय किसान। इस अवसर पर जयप्रकाश लुदाना, जसपाल, रामफल दहिया, सोहनदास के अलावा ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य सचिव सुरेश कुमार, जिला सचिव प्रमोद कुमार, कर्मपाल शास्त्री, कर्मवीर संधू, जगवंती चौपड़ा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### लव मैरिज व लीव इन जैसे कानूनों को लेकर माजरा खाप ने जताया रोष

जींद। माजरा खाप पंचायत के प्रधान गुरविंदर सिंह, सचिव महेंद्र सिंह सहारण ने बताया कि हरियाणा की खाप पंचायतें लगातार लव मैरिज व लीव इन जैसे कानूनों को लेकर विरोध करती रही है। सभी दलों को खाप पंचायतों ने इस बारे ज्ञापन भी सौंपा गया था। पिछले वर्ष लेकिन किसी भी विधायक ने सैशन में प्रशन तक पहुंचने का नोटस तक नहीं दिया जिससे खाप पंचायतों में गहरा रोष व्याप्त है। सत्ताधारी दल तो नही चाहते कि इन कानूनों पर बात करना विपक्षी दलों की क्या मजबूरी है वो भी चुप चाप समाज में विघ्टन का तमाशा देख रहे हैं। आज गांव-गांव में लव मैरिज हो रही है, युवा अपने गोत्र व अपने गौहांड व अपने गांव तक का ख्याल तक नहीं रखते। लीव इन ने भी परिवारों को खत्म कर दिया है। आखिर इस कानून की हिंदू बिल कोड़ में जरूरत ही क्या है।


जींद। महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव का जलाभिषेक करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

जिलेभर में अल सुबह ही मंदिरों में लगी शिवभक्तों की लाइन, श्रद्धा से मनाया महाशिवरात्रि पर्व

# श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर मांगी मन्नतें

■ जयंती देवी मंदिर में लगा मेला, श्रद्धालुओं ने की जमकर खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिलेभर में रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा से मनाया गया। अल सुबह ही शहर के मंदिरों व शिवालयों में श्रद्धालु पहुंचना शुरू हो गए और देखते ही देखते लंबी लाइनें लग गई। श्रद्धालु मंदिर में भोले बाबा के पूरा दिन जयकारे लगाते रहे तो कुछ शिवभक्तों ने गौमुख तथा हरिद्वार से कावड़ ला कर पवित्र गंगा जल से शहर के विभिन्न शिव मंदिरों में जलाभिषेक कर सुखद जीवन की कामना की। पूरा दिन श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जलाभिषेक किया। शनिवार रात को शिव चौक पर शिव जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा मुख्यअतिथि रहे। जागरण में कलाकारों ने सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत कर मन मोह लिया।

## जयंती देवी मंदिर में हुआ रूद्राभिषेक



जयंती देवी मंदिर रूद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। श्रद्धालुओं ने ओम नमः शिवाय व महामृत्युंजय मंत्र के द्वारा पंचामृत, बेलपत्र, आक, धतूरा, फल व मिष्ठान से पूजन किया। इस दिन कि मान्यता यह है कि भगवान शिव सरल उपासना से ही प्रसन्न हो जाते है और हर असंभव को भी संभव बना देने की शक्ति पा लेते है। इस दिन पूजन करने से हम अपने कष्टों को दूर करके व सभी मनोकामनाओं को पूर्ण कर सकते है। शिव की कृपा से हमारी सारी समस्याओं का अंत हो जाता है और अलग-अलग सामग्री के द्वारा हमारी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि इस बार महाशिवरात्रि पर्व पर शिव योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, प्रीति योग, आयुष्मान योग, सौभाग्य योग, शोभन योग, साध्य योग, शुक्ल योग, ध्रुव योग, व्यतिपात और वरियान योग का निर्माण हो रहा। इन योगों का एक ही दिन पर बनना अद्भुत संयोग रहा। महाशिवरात्रि हिंदुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह भगवान शिव का प्रमुख पर्व है। फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को शिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। माना जाता है कि सृष्टि के प्रारंभ में इसी दिन मध्यरात्रि भगवान शंकर का ब्रह्मा से रुद्र के रूप में अवतरण हुआ था। महाशिव व्रत कल्याणकारी मनोरथों को पूर्ण करने वाले, अरोग्य देने वाले व मोक्ष का दाता है।

## मंदिरों में लगी श्रद्धालुओं की लंबी लाइन

महाशिवरात्री पर्व पर जयंती देवी मंदिर, ऐतिहासिक भूतेश्वर मंदिर, ठिठारी महादेव, सोमनाथ मंदिर, हनुमान मंदिर, शिव चौंक, सफीदों गेट में सुबह से ही शिवभक्तों की लाइनें लगनी शुरू हो गई थी। शहर में जगह-जगह भंडारों का भी आयोजन किया गया। जिसमें शिव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। रानी तालाब स्थित भूतेश्वर मंदिर में 12 बजे तक श्रद्धालु लाइन में लगे रहे।

## महाशिवरात्रि पर विधायक सतपाल जांबा ने की प्रदेश और क्षेत्र की समृद्धि की प्रार्थना

■ फतेहपुर, भाना, डीग व बाकल में किया जलाभिषेक, 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंजा क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पुंडरी विधानसभा क्षेत्र श्रद्धा और भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। विधायक सतपाल जांबा ने प्रातःकाल से ही क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का विधिवत जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना की। उन्होंने गांव फतेहपुर, भाना, डीग और बाकल के मंदिरों में मत्था टेककर प्रदेश और पुंडरी क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और निरंतर विकास की कामना की। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। विधायक जांबा ने श्रद्धालुओं के बीच बैठकर पूजा की और भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। उन्होंने आमजन से मिलकर महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर विधायक सतपाल जांबा ने कहा महाशिवरात्रि हमें संयम, सेवा और सद्भाव का संदेश देती है। भगवान भोलेनाथ की कृपा से हमारा प्रदेश और पुंडरी क्षेत्र विकास, शांति और समृद्धि की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करे, यही मेरी प्रार्थना है। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्व समाज में एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। ऐसे अवसरों पर हम सभी को भगवान शिव के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने और समाज के उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए। महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिरों में भजन-कीर्तन, रुद्राभिषेक और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना की। विधायक जांबा ने अंत में समस्त क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश में सुख-शांति और निरंतर प्रगति की कामना की। पूरे क्षेत्र में दिनभर उत्सव और आस्था का माहौल बना रहा।

## शिवरात्रि पर्व पर मंदिर में विशाल भंडारा, श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़



पूंडरी। महाशिवरात्रि के पावन उपलक्ष्य में कैथल मार्ग स्थित बाबा रामनाथ कालोनी में शिव मंदिर एवं धूना बाबा रामनाथ परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रसाद ग्रहण किया। प्रातः काल से ही मंदिर परिसर में हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से शिवलिंग का अभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा और दूध अर्पित किया। मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया था, जिससे पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया। इस अवसर पर महंत खुशीनाथ जी ने विशेष रूप से शिरकत कर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि आत्मचिंतन, साधना और भगवान शिव के स्मरण का पर्व है। सच्चे मन से की गई पूजा और सेवा से जीवन में शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। बाबा खजान नाथ एवं योगी सोमवार नाथ ने भी उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि भगवान शिव त्याग, तप और करुणा के प्रतीक हैं। उन्होंने सभी से आपसी भाईचारे, सद्भाव और नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया। भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद और भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई थी। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया और भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा दिया जाता रहेगा।


नरवाना। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए वंदना शर्मा। फोटो : हरिभूमि

## ब्रह्माकुमारीज ने फूलों की होली खेलकर मनाई भव्य महाशिवरात्रि

नरवाना। हुडा ग्राउंड में ब्रह्माकुमारीज ने महा शिवरात्रि पर्व को परमपिता परमात्मा शिव के 90वें जन्म दिवस के रूप में बड़ी धूमधाम से मनाया। जहां एक ओर ब्रह्माकुमारी बहनों ने मेडिटेशन द्वारा सैंकड़ों श्रोताओं को परमात्मा शिव से शक्तियां लेने की अनुभूति करवा कर पूरा वातावरण शांतिमय बना दिया वहीं दूसरी ओर शिव महिमा के गीतों की धुन पर नाचते हुए सभी ने जम कर फूलों की होली खेली। रूहानी गायक बीके कनु ने ठेठ हरियाणवी एवं हिंदी भाषा में शिवरात्रि पर गीत भजन गाकर ऐसा समां बांधा कि सभी झूम उठे। मुख्यातिथि हरियाणा लोक सेवा आयोग की पूर्व सदस्या वंदना शर्मा, विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा, नरवाना प्रभारी बीके सीमा, बीके ममता, उचाना प्रभारी बीके सुषमा, बीके मीना, रूहानी गायक बीके कनु ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## महाशिवरात्रि व त्रयोदशी पर्व पर सीवन में 72वां मासिक भंडारा आयोजित

सीवन। महाशिवरात्रि व त्रयोदशी के पावन अवसर पर श्री शिव शंकर मासिक त्रयोदशी भंडारा समिति सीवन की ओर से कैथल-पटियाला मुख्य मार्ग पर अशोका रेडियोज के समीप कढ़ी-चावल का विशाल भंडारा आयोजित किया गया। श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव से हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समिति सदस्यों अशोक गोयल, बिट्टू सैनी व अधिवक्ता सुरेंद्र सरदाना ने बताया कि समिति पिछले 72 माह से नियमित रूप से त्रयोदशी पर्व पर भंडारे का आयोजन करती आ रही है और यह सेवा परंपरा निरंतर जारी रहेगी। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः हवन के साथ की गई, जिसमें क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की गई। इस अवसर पर संगीत बंसल, नरेश सिंगला, निक्कू सैनी, अशोक कथूरिया, भीम मेहता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सेवा कार्यों में सहयोग किया।


सीवन। महाशिवरात्रि व त्रयोदशी पर्व पर आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि


राजौंद। भोलेनाथ की कृपा से सफल हुई डाक कांवड़ यात्रा, उत्साह से झूमते कांवड़िए।

## श्रद्धालुओं ने 13 घंटे 8 मिनट में पूरी की डाक कांवड़

राजौंद। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान परशुराम कांवड़ सेवा संघ राजौंद के श्रद्धालुओं ने अद्भुत आस्था और समर्पण का परिचय देते हुए हरिद्वार से मात्र 13 घंटे 8 मिनट में डाक कांवड़ लाकर राजौंद स्थित शिव दुर्गा मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। कांवड़ियों ने पवित्र गंगाजल लेकर निरंतर दौड़ते हुए यात्रा पूरी की। पूरे मार्ग में "बोल बम" और "हर हर महादेव" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने अनुशासन और टीम भावना का परिचय देते हुए सुरक्षित और सफल यात्रा संपन्न की।इस धार्मिक यात्रा में सचिन शर्मा, चीना शर्मा (प्रधान), मोंटी शर्मा, सीनु शर्मा, आशु शर्मा, गोलू शर्मा, अभी शर्मा और पंकज शर्मा सहित अन्य शिवभक्त शामिल रहे। मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया और विधि-विधान से जलाभिषेक संपन्न कराया गया।

## शिव वाटिका में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया महाशिवरात्रि का पर्व

कैथल। प्रताप गेट पाडला रोड स्थित शिव वाटिका में महाशिवरात्रि का पावन पर्व शिव वाटिका के प्रधान कृष्ण नारंग की अध्यक्षता में बड़े श्रद्धा भाव और धूमधाम से मनाया गया। प्रातःकाल से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने भगवान शिव के दर्शन कर जलाभिषेक किया और पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विधिवत हवन का आयोजन भी किया गया। हवन में मुख्य यजमान के रूप में अनिल टक्कर संग रेणुका टक्कर, महेश मक्कड़, संग दिव्या मक्कड़, जतिन अरोड़ा संग तनिशा अरोड़ा, अमन सचदेवा संग दिशा सचदेवा तथा सौरभ सूद संग हिना सूद ने भाग लिया और आहुतियां अर्पित कीं। कार्यक्रम में महंत हरीश शास्त्री विशेष रूप से उपस्थित होकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। पूर्व हैफेड चेयरमैन कैलाश भगत एवं प्रमुख समाजसेवी कमल आहूजा इस अवसर पर पहुंचे और आयोजन की सराहना की।


कैथल। शिव वाटिका में महाशिवरात्रि पर्व पर हवन में आहुति डालते श्रद्धालु।

# जिले भर में धूमधाम से मनाई महाशिवरात्रि

■ मंदिर में हर-हर महादेव के जयकारों के साथ जलाभिषेक के लिए उमड़े भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



महाशिवरात्रि का पर्व जिले भर में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। शहर के महाभारतकालीन प्राचीन श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर, गीता भवन मंदिर, अम्बकेशर मंदिर, बाबा शीतलपुरी शिव मंदिर, छात्रावास रोड स्थित शिव मंदिर व अन्य शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। आरती के साथ मंदिर के कपाट खुले तो भक्त हर-हर महादेव के जयकारों के साथ जलाभिषेक के लिए उमड़ पड़े। देखते ही देखते मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। मंदिर प्रशासन की ओर से दर्शन के लिए अलग-अलग लाइनें बनाई गईं, ताकि भीड़ व्यवस्थित रहे। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था की गई। सुबह से शाम तक भगवान शिव का जल, दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल से अभिषेक होता रहा। श्रद्धालुओं ने पंचामृत, बेलपत्र, धतूरा, फूल-मालाएं और मौसमी फल अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के बाहर मेले जैसा माहौल देखने को मिला। प्रसाद, फूल-मालाओं और पूजा सामग्री की दुकानों पर रौनक रही। कई सामाजिक संगठनों ने श्रद्धालुओं के लिए चाय, हलवा, खीर की व्यवस्था की। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा। पं. प्रेम शंकर ने बताया कि महाशिवरात्रि पर रात्रि जागरण और विशेष रुद्राभिषेक का भी आयोजन किया जाएगा।

### पांडवों ने स्थापित करवाए थे शिवलिंग

श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर महाभारत कालीन कैथल का ऐतिहासिक श्री 11 रुद्री शिव मंदिर महाभारत कालीन माना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस मंदिर की स्थापना भगवान कृष्ण ने पांडवों द्वारा करवाई थी। मान्यता है कि सावन के दूसरे सोमवार या महाशिवरात्रि पर 11 शिवलिंगों पर जल चढ़ाने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

# शिवरात्रि पर क्षेत्रभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी

■ भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक व बेलपत्र अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्रभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही भक्तजन मंदिरों में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक एवं बेलपत्र अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना करते नजर आए। मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूंज उठा। श्री सनातन धर्म सेवा समिति के सदस्य व आचार्य राम भगत हरित ने बताया कि महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य विवाह का प्रतीक है। इस दिन व्रत, उपवास और रात्रि जागरण का विशेष महत्व होता है। श्रद्धालुओं ने पूरे दिन व्रत रखकर रात्रि में भजन-कीर्तन और शिव चालीसा पाठ में भाग लिया। कई स्थानों पर रुद्राभिषेक और हवन यज्ञ का आयोजन भी किया गया।



## महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया

नरवाना। महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रातः काल से ही श्रद्धालु शिव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए पंक्तियां बनकर खड़े हो गए। श्रद्धा और सेवा भाव से महिलाएं युवा वर्ग हाथों में बेलपत्र जल दूध लिए हुए आज सभी मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए पंक्तियां बना कर खड़े हुए। मंदिरों में जय भोलेनाथ के जयकारों से गुंजन सुनाई दी। आज सुबह से ही डाक कवाडे नरवाना में सभी मंदिरों में पहुंच चुकी थी। बम-बम भोले के नारों से शिव भक्त बाजारों से होते हुए मंदिरों में पहुंचे जहां पुजारी ने सभी शिव भक्तों को प्रसाद के रूप में साबु दाने की खीर, फल देकर उनका स्वागत किया। प्राचीन शिव मंदिर धोला कुआं के पुजारी पंडित मेहरचंद ने बताया कि भगवान भोलेनाथ पर श्रद्धापूर्वक जल चढ़ाने से जो भी फल मांगता है, उसकी मनोकामना बहुत जल्द पूरी हो जाती है।

# महाशिवरात्रि पर क्षेत्र के शिवालयों में उमड़ा श्रद्धा का महासागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

सीवन क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व इस वर्ष भी गहन श्रद्धा, अनुशासन और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। तड़के सुबह से ही क्षेत्र के प्रमुख शिव मंदिरों में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। चारों ओर बम बम भोले, हर-हर महादेव और ॐ नमः शिवाय के जयघोष गूंजते रहे, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया। श्रद्धालु हाथों में जल, दूध, दही, घी और गंगाजल लेकर लंबी कतारों में अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। शिवलिंग पर विधिपूर्वक अभिषेक कर भक्तों ने अपने जीवन में सुख, शांति और कल्याण की कामना की। बेलपत्र, धतूरा, भस्म और श्वेत पुष्प अर्पित कर भोलेनाथ की आराधना की गई। मंदिर प्रांगणों में जलते दीपक, सुगंधित धूप और घंटियों की मधुर ध्वनि ने वातावरण को भावनात्मक बना दिया। महिलाओं ने व्रत रखकर शिव-पार्वती की पूजा की, वहीं युवाओं और बच्चों में भी इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर संत महंत अवध बिहारी दास ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल पूजा का नहीं, बल्कि आत्मसंयम, साधना और शिव तत्व को समझने का अवसर है।


सीवन। महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालु शिवलिंग पर विधिपूर्वक अभिषेक करते हुए।

## महाशिवरात्रि के पर्व पर मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



उचाना। महाशिवरात्रि के पर्व पर उचाना कलां के प्राचीन शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गए थे। लंबी कतारें भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं की लगी नजर आई। भव्य रूप मंदिर की सजावट करके शिवभक्तों द्वारा दिया गया था। पूरे मंदिर परिसर को सजाया गया। सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया जहां श्रद्धालु पूजा-अर्चना के बाद सेल्फी लेते नजर आए। मंदिर परिसर में सुंदर-सुंदर झांकी भी कलाकारों द्वारा दिखाई गई। पुजारी राजू शर्मा ने बताया कि साल में दो बार महाशिवरात्रि का पर्व आता है। सच्चे मन से भगवान शिव की पूजा अर्चना करने से सभी मनोकामना पूरी होती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

वार्षिकोत्सव — इंडस ग्लोबल अकेडमी में वार्षिक उत्सव 2026 सांस्कृतिक उल्लास के साथ संपन्न

# कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

■ मुख्यातिथि के रूप में सुभाष श्योराण ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

इंडस ग्लोबल अकेडमी किनाना में रविवार को वार्षिक उत्सव अत्यंत भव्य एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर आकर्षक सजावट, सुसज्जित मंच एवं आधुनिक प्रकाश व्यवस्था से जगमगा उठा। अभिभावकों, अतिथियों एवं विद्यार्थियों की भारी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि इंडस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस डायरेक्टर सुभाष श्योराण एवं विशिष्ट अतिथियों प्रवीन परूथी कोऑर्डिनेटर इंडस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, सुरेन्द्र मडोत्रा डॉयरेक्टर आईपीएस पिल्लूखेड़ा, दिव्या मडोत्रा नेशनल ट्रेनर एवं शिक्षाविद्, रचना श्योराण डायरेक्टर आईपीएस जींद, डा. संजीव तायल डायरेक्टर इंडस करियर इंस्टिट्यूट, विजेन्द्र सिंह खटकड़ प्रिंसिपल आईपीएस मिर्चपुर, यअमित गौड प्रिंसिपल पीएमकेवीएन खांडाखेड़ी, प्रवीन फूटेला वाइस प्रिंसिपल आईपीएस जींद, गुरमीत कौर हेडमिस्ट्रेस आईपीएस जींद के स्वागत तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने जय मां सरस्वती पर भावपूर्ण स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शानदार शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने राधा कृष्ण का होली नृत्य रंग देश, स्कूल चले हम, हरियाणवी नृत्य, नच ले वे, हम होगें कामयाब, देशभक्ति नृत्य, राष्ट्रीय प्रतीक नृत्य तथा शिव तांडव जैसी आकर्षक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। प्रत्येक प्रस्तुति में विद्यार्थियों का आत्मविश्वास, अनुशासन एवं परिश्रम स्पष्ट रूप से झलक रहा था। कोऑर्डिनेटर प्रवीन परूथी ने विद्यालय की शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों के बारे में बताया।



जींद। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए बच्चे।


फोटो : हरिभूमि

### नैतिक मूल्यों की प्रेरणा दी

ग्रुप डायरेक्टर सुभाष श्योराण ने अपने संबोधन में विद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों एवं अनुशासन के साथ आगे बढने की प्रेरणा दी। डा. संजीव तयाल ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण और कड़ी मेहनत का संदेश दिया। यह वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा, सांस्कृतिक समृद्धि एवं इंडस परिवार की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपराओं का सशक्त उदाहरण रहा।